# MONIND LIMITED

**Regd. Off.** : Block-7, Room No. 78, Deen dayal awas, Kabir Nagar Raipur, CT 492099
**CIN**: L51103CT1982PLC009717; **Corp Office:** Monnet House, 11 Masjid Moth,
Greater Kailash Part II, New Delhi-110048; **Phones:** 011-29223112; Ph. : +91-877-0344104
**E-Mail:**isc_mind@monnetgroup.com; **website:** www.monnetgroup.com

**September 05, 2024**

**BSE Ltd**
Phiroze Jeejibhoy Towers, Dalal Street,
Mumbai – 400001

**The Calcutta Stock Exchange Ltd**
7, Lyons Range,
Kolkata- 700001

**Scrip Code – 532078**

**Sub: Intimation of Newspaper Publication regarding 41st Annual General Meeting of Monind Limited ("the Company")**

Dear Sir/Madam,

In furtherance to our intimation dated September 04, 2024 informing the date of the 41st Annual General Meeting ("AGM") of the Company scheduled to be held on Friday, September 27, 2024 at 12.30 P.M. (IST), please find enclosed herewith copies of newspaper advertisement published today in this regard, in the newspapers viz Financial Express (in English daily, all edition) and Raj Express (in Hindi daily, Raipur Edition), pursuant to the applicable circulars issued by Ministry of Corporate Affairs.

This is for your information and records.

Thanking you,

For **MONIND LIMITED**

RITIKA AHUJA
Digitally signed by RITIKA AHUJA
DN: c=IN, o=Personal, pseudonym=vlvc6Lrtlxyg9EPKgBoNiMA4ZbPZEdI9, 2.5.4.20=05e17a1c92f78f26a3c7d26a21d7adb2e03563a4828460273fd4bd6ee8ac7d1b, postalCode=110027, st=DELHI, serialNumber=4eb464190319a64fec091d4171de6c6fa32150a771ab53dc67765b9521f156e8, cn=RITIKA AHUJA
Date: 2024.09.05 15:59:09 +05'30'

**Ritika Ahuja**
**Company Secretary**

मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

# छत्तीसगढ़ में आज से फिर झमाझम बारिश, वज्रपात की भी संभावना

## मानसूनी सिस्टम सक्रिय होने की वजह से प्रदेशभर में अच्छी बारिश के आसार

## प्रदेश के कई स्थानों पर हल्की और मध्यम बारिश की संभावना

रायपुर ■ राज न्यूज नेटवर्क

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर बारिश की गतिविधि बढ़ने की संभावना है। मानसूनी सिस्टम सक्रिय होने की वजह से प्रदेशभर में अच्छी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार पांच सितंबर से छत्तीसगढ़ में गरज-चमक के साथ वज्रपात और बारिश की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि अब मानसून एक बार फिर एक्टिव होने की संभावना है। इसके प्रभाव से प्रदेश भर में अच्छी बारिश के आसार हैं।

मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि एक चक्रवती परिसंचरण पूर्वी बांग्लादेश और आसपास के इलाकों में समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में मानसून की सक्रियता बढ़ाने की संभावना है। यही वजह है कि प्रदेश में अच्छी बारिश की संभावना बनी हुई है। प्रदेश की अनेक जगहों पर हल्की मध्यम बारिश की संभावना है साथ ही बस्तर संभाग के एक-दो जगह पर गरज-चमक के साथ भारी बारिश होने की संभावना है।



### रायपुर में हुई मूसलाधार बारिश

राजधानी रायपुर में बुधवार को तेज बारिश हुई। प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी बारिश हुई। रायपुर में सुबह से ही बादल छाए हुए थे। दोपहर दो बजे के बाद से मूसलाधार बारिश हुई। वहीं बस्तर संभाग में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया था।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 928.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 928.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 04 सितम्बर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1952.9 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 500.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 509.4 सूरजपुर जिले में 921.5 मिमी, बलरामपुर में 1333.4 मिमी, जशपुर में 796.6 मिमी, कोरिया में 936.2 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 936.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार रायपुर जिले में 747.7 मिमी, बलौदाबाजार में 951.3 मिमी, गरियाबंद में 896.6 मिमी, महासमुंद में 727.9 मिमी, धमतरी में 802.0 मिमी, बिलासपुर में 847.2 मिमी, मुंगेली में 957.0 मिमी, रायगढ़ में 893.5 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 540.5 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1002.7 मिमी, सक्ती 858.2 मिमी, कोरबा में 1228.4 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 983.9 मिमी, दुर्ग में 547.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 747.0 मिमी, राजनांदगांव में 894.4 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 998.6 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 653.6 मिमी, बालोद में 929.4 मिमी, बस्तर में 991.4 मिमी, कोण्डागांव में 887.6 मिमी, कांकेर में 1088.0 मिमी, नारायणपुर में 1044.3 मिमी, दंतेवाड़ा में 1223.3 मिमी और सुकमा जिले में 1324.8 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

सहकारिता विभाग के सचिव ने की 'सहकार से समृद्धि' पर बनाई गई कार्ययोजना की समीक्षा

# प्रदेश में सहकारी समितियों को मजबूत करने तैयार होगा नेटवर्क : डॉ. प्रसन्ना

रायपुर ■ राज न्यूज नेटवर्क

छत्तीसगढ़ में सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने की ठोस रणनीति तैयार की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में सहकारी समितियों का नेटवर्क बनाया जाएगा। सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना एवं कुलदीप शर्मा, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़, ने 'सहकार से समृद्धि' पर बनाई गई कार्ययोजना की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर पंजीयक एचके दोशी, अपर पंजीयक एच के नागदेव, अपेक्स बैंक प्रबंध संचालक केएन काण्डे, कृषि विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पशुपालन विभाग, मछली पालन विभाग, दुग्ध महासंघ मत्स्य महासंघ, कॉमन सर्विस सेंटर व प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के राज्य प्रभारी एवं प्रतिनिधियों सहित अपर पंजीयक, संयुक्त पंजीयक, उप पंजीयक, सहायक पंजीयक तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में पंचायतवार पेक्स, मत्स्य समिति और दुग्ध समितियों की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही क्रियाशील और अक्रियाशील समितियों के चिन्हांकन कर सक्रिय करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी ग्राम पंचायत जहां एक भी समिति नहीं है, वहां नवीन समितियों का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी छह-छह माह का लक्ष्य बनाकर पेक्स को मबजूत करने तथा मल्टी एक्टिविटी की सुविधाएं बढ़ाने के दिशा में काम किया जाए। उन्होंने कहा कि पेक्स को मल्टी परपस पेक्स के रूप में विकसित करने से लोगों के लिए घर के द्वार पर ही अनेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे किसानों, गरीबों और मजदूरों के समय और पैसे की बचत होगी।



### नवीन समितियों के गठन के निर्देश

आगामी खरीफ फसल की खरीदी का समय नजदीक आ रहा है। अतः सभी समितियों के पुराने कार्यों का ऑडिट अनिवार्य रूप से कर लिया जाए। वर्तमान में 2058 सहकारी समितियां और 2739 धान उपार्जन केंद्र हैं। ऐसे ग्राम पंचायत अथवा ऐसे स्थान जहां दूरी अधिक है, वहां नवीन समितियों का गठन किया जाए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड एवं रूपे क्रेडिट कार्ड की प्रगति की समीक्षा की और राज्य के ज्यादा से ज्यादा प्रदेश के किसानों इस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नेशनल कोऑपरेटिव डेटाबेस की समीक्षा करते हुए सभी समितियों के डेटाबेस को अपडेट करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार उन्होंने विश्व अन्न भंडारण योजना, भारतीय बीज सहकारी समिति, राष्ट्रीय सहकारी निर्यात समिति, प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र, कॉमन सर्विस सेंटर एवं ई-डिस्ट्रिक्स सर्विस की स्थिति सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की गई। यथासंभव समस्त सहकारी संस्थाओं के खाते जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में अनिवार्यता खोले जाने चाहिए, जिससे सहकारिता का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।



# 'स्वच्छता ही सेवा' अभियानः मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा, दिए निर्देश

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के लिए गठित राज्य स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अभियान की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की गई। यह अभियान राज्य में 14 सितंबर से दो अक्टूबर 2024 तक चलाया जा रहा है। बैठक में इस अभियान में सभी नागरिकों को शामिल करने की आवश्यकता पर चर्चा हुई। बताया गया कि अभियान के दौरान स्वच्छता को प्रोत्साहन देने पर बल दिया जाएगा। इस अभियान के तीन प्रमुख घटक जिसमें जनभागीदारी, स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता शामिल किए गए हैं।

स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान सफाई मित्रों, स्वच्छता कार्यकर्ताओं और अन्य हितकारक के लिए सफाई मित्र, सुरक्षा शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में स्वच्छता हितग्राहियों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य सचिव ने अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अभियान में जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं और नागरिकों की जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। अभियान के संबंध में कलेक्टरों को भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार शासकीय कार्यालयों, संस्थाओं के भवनों, व्यावसायिक परिसरों, बाजारो, शैक्षणिक संस्थाओं, पब्लिक ट्रांसपोर्ट हब, रोड्स, हाईवे और रेल्वे ट्रेक सहित अन्य जगहों पर स्वच्छता के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। बैठक में मुख्य सचिव ने ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को पीएमएवाय के हितग्राहियों को 15 सितंबर को प्रधानमंत्री द्वारा ऑनलाइन राशि अंतरण करने के कार्यक्रम के लिए व्यापक तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस का माध्यम से आयोजित इस बैठक में ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह, सचिव नगरीय प्रशासन बसवराजु एस., राज्य मिशन डायरेक्टर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जयश्री जैन सहित स्कूल शिक्षा, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, सभी जिलों के कलेक्टर समस्त आयुक्त नगर पालिक निगम और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शामिल हुए।

# कमार जनजाति के हितग्राहियों को मिल रहा शासकीय योजनाओं का लाभ

**रायपुर।** भारत सरकार द्वारा कमार जनजाति को विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के आर्थिक, समाजिक, शैक्षणिक उत्थान के लिए विशेष कार्य किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कमार परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए भी विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

इसके तहत धमतरी जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बसाहटों में लगातार विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत कमार बसाहटों में विभिन्न विभागों द्वारा शिविर आयोजित कर शासन की योजनाओं आधार कार्ड पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, राशन कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि, फसल ऋण, सुकन्या समृद्धि, मातृ वंदन, कुपोषण मुक्ति, आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल, जनधन खाता, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जन्म प्रमाण-पत्र, ऋष्टा पुस्तिका, जाति प्रमाण पत्र, विश्वकर्मा योजना, श्रम कार्ड, ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल प्रवेश और नल जल योजना से लाभान्वित किया जा रहा। इसी कड़ी में मगरलोड विकासखण्ड के खड़मा, मड़वापथरा और नगरी विकासखंड के बगरूमनाला स्थित कवाचीपारा तथा आमापारा में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के माध्यम से सात हितग्राहिय को आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता 11, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 12, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एक, किसान सम्मान निधि 18, सुकन्या समृद्धि एक, सिकलसेल, एनीमिया एवं कुपोषण के एक, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के एक, विश्वकर्मा योजना से आठ और श्रम कार्ड प्रदाय 26 कमार हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।



नेता प्रतिपक्ष महंत ने प्रेस वार्ता कर साय सरकार पर लगाया आरोप

# प्रदेश में धान खरीदी में हुआ करोड़ों का भ्रष्टाचार

**रायपुर (आरएनएन)।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में बुधवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रेसवार्ता ली। इसमें चरण दास महंत ने धान खरीदी में एक हजार करोड़ से अधिक का भ्रष्टाचार का आरोप भाजपा पर लगाया। महंत ने कहा कि सरकार ने समर्थन मूल्य पर जो धान खरीदा है, न ही उसकी बिलिंग कराई गई, न ही रखरखाव किया गया और न ही उसकी सुरक्षा की गई, जिससे 1000 करोड़ से भी ज्यादा की हानि हुई है। खरीफ फसल 2023 की धान खरीदी के दौरान बीजेपी की सरकार बन गई थी। समर्थन मूल्य पर सबसे अधिक धान की खरीदी हुई, जिसमें 144 लाख 92 हजार मीट्रिक टन धान सरकार की ओर से खरीदा गया था।

प्रेसवार्ता के दौरान चरण दास महंत ने कहा कि 144 लाख 92 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी, लेकिन राज्य सरकार द्वारा धान की इस मात्रा के भंडारण, मिलिंग और चावल के उपार्जन के साथ ही भंडारण की कोई कार्य योजना नहीं बनाई गई। इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि दो सितंबर 2024 की स्थिति में धान खरीदी केंद्रों से 4 लाख 16 हजार 410 क्विंटल धान और संग्रहण केंद्रों से 21 लाख 77 हजार 470 क्विंटल धान का उठाव नहीं किया जा सका।

### नक्सली सरेंडर नीति पर घेरा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नक्सली सरेंडर नीति जो पिछली कांग्रेस की सरकार में चल रही थी, वही सरेंडर नीति है। जब सरकार के पास नक्सली नीति स्पष्ट नहीं है तो सरेंडर नीति की बात करना सरकार के लिए बेमानी है। हमारी सरकार में नक्सली सरेंडर नीति इतनी बेहतर थी कि बीजापुर और दंतेवाड़ा के साथ ही किसी भी नक्सल प्रभावित जिले को देख लीजिए उसी का नतीजा है कि हमारी सरकार में फर्जी नक्सली सरेंडर नहीं हुआ।

### बैज का साय सरकार पर प्रहार

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने प्रधानमंत्री अटल आवास को लेकर कहा कि डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी इस सरकार को इतना लेट से पैसा मिल रहा है। हमारी सरकार के कार्यकाल में फर्जी नक्सली एनकाउंटर भी नहीं हुआ है। केवल उन्हीं संघम सदस्यों ने सरेंडर किया था, जो नक्सलियों के साथ रहकर काम किया करते थे। लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद जुबान पर ही योजना बना रही है। वास्तविक धरातल पर सरकार ने कुछ नहीं किया है।

### आदिवासी बालक आश्रम अधीक्षक निलंबित

**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही।** जिले के नेवरी विकासखंड में स्थित आदिवासी बालक आश्रम के अधीक्षक रति लाल भानु को उनके कर्तव्यों में लापरवाही और आश्रम में अव्यवस्था फैलाने के आरोप में कलेक्टर लीना मंडावी ने निलंबित कर दिया है। आरोप है कि अधीक्षक बिना किसी पूर्व सूचना के आश्रम से गायब रहते थे, जिससे वहां रहने वाले बच्चों को समय पर भोजन नहीं मिल पाता था। इसके अलावा बच्चों ने यह भी शिकायत की कि अधीक्षक अक्सर ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में रहते थे। इन गंभीर आरोपों के मद्देनजर कलेक्टर ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रति लाल भानु को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 9 के तहत निलंबित कर दिया है।

मोनिन्ड लिमिटेड

पंजी. कार्यालय: ब्लॉक-7, रूम नं. 78, दीन दयाल आवास, कबीर नगर, रायपुर छत्तीसगढ़-492099
सीआईएन -L51103CT1982PLC009717
कार्पोरेट कार्यालय: मोनेट हाउस, 11, मस्जिद मोथ, ग्रेटर कैलाश पार्ट - II, नई दिल्ली-110048
दूरभाष : 011-29223112 फ.: + 91-877-0344104
ईमेल : isc_mind@monnetgroup.com, वेबसाइट: www. monnetgroup.com

वीडियो कॉन्फ्रेंस/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से आयोजित होने वाली 41वीं वार्षिक आम बैठक के लिए ईमेल आईडी के पंजीकरण के लिए सूचना

एतद् सूचित किया जाता है कि मोनिन्ड की 41वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") लिमिटेड की वार्षिक आम बैठक शुक्रवार, 27 सितंबर, 2024 को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसमें एजीएम नोटिस में निर्धारित व्यवसायों का संचालन किया जाएगा, जिसे एजीएम बुलाने के लिए यथासमय परिचालित किया जाएगा।

सेबी द्वारा जारी परिपत्र सामान्य परिपत्र क्रमांक 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020, सामान्य परिपत्र क्रमांक 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, सामान्य परिपत्र क्रमांक 20/2022 दिनांक 05 मई 2020 सपठित सामान्य परिपत्र क्रमांक 09/2023 दिनांक 25 सितंबर 2023 कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी अन्य परिपत्र और के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 और संशोधित नियमों के प्रावधानों के अनुपालन में, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी (सामूहिक रूप से "एमसीए परिपत्र") और और सेबी द्वारा जारी सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 सेबी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांक 12 मई 2020, परिपत्र क्रमांक SEBI/HO/CFD/CFD-POD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 07 अक्टूबर 2023 परिपत्र क्रमांक (समग्र रूप से "सेबी सर्कुलर") के साथ पठित, के अनुपालन में नोटिस में दर्शाये अनुसार कारोबार करने के लिए 41वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) निर्धारित की गई है। इसलिए, उपरोक्त एमसीए और सेबी के अनुसार परिपत्र के अनुसार, कंपनी की 41वीं वार्षिक आम बैठक शुक्रवार, 27 सितंबर, 2024 को दोपहर 12:30 बजे वीसी/ओएवीएम के माध्यम से सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना आयोजित की जाएगी।

31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय विवरण सहित वार्षिक रिपोर्ट एजीएम की सूचना उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजी जाएगी जिनके ईमेल पते कंपनी/कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट/संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास ऊपर उल्लिखित परिपत्रों के अनुसार पंजीकृत हैं। नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट की प्रति किसी भी सदस्य को कोई भौतिक प्रति नहीं भेजी जाएगी, हालांकि शेयरधारकों द्वारा अनुरोध किए जाने पर वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति उन्हें भेजी जाएगी।

सदस्य कृपया ध्यान दें कि एजीएम की सूचना और वर्ष 2023-2024 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट http://www.monnetgroup.com, स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होगी। और रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट यानी एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड ("आरटीए") की वेबसाइट www.mcsregistrars.com पर विजिट करें। एजीएम में शामिल होने के निर्देश एजीएम की सूचना में दिए गए हैं। वीसी/ओवीएएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य की अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के उद्देश्य से गणना की जाएगी।

कंपनी अपने सभी सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग सुविधा ("रिमोट ई-वोटिंग") प्रदान कर रही है, ताकि वे अधिनियम में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर अपना वोट डाल सकें। एजीएम की सूचना। इसके अतिरिक्त, कंपनी एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान कर रही है, जिसकी जानकारी एजीएम की सूचना में दी जाएगी।

**ई-मेल पते को पंजीकृत/अपडेट करने का तरीका:**

ई-मेल पते के स्थायी पंजीकरण/अपडेट के लिए, सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखने की स्थिति में संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास अनुरोध भेज सकते हैं और यदि शेयर भौतिक रूप में हैं तो कंपनी के आरटीए के पास अनुरोध भेज सकते हैं। भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य फॉर्म आईएसआर-1 की स्कैन की गई प्रति और पैन कार्ड और आधार कार्ड आदि की स्व-सत्यापित प्रति के साथ ईमेल आईडी admin@mcsregistrars.com पर ई-मेल अनुरोध भेज सकते हैं। उक्त फॉर्म आईएसआर-1 कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक 41वीं एजीएम के उद्देश्य से शनिवार, 21 सितंबर, 2024 से शुक्रवार, 27 सितंबर, 2024 तक (दोनों दिन सम्मिलित) बंद रहेंगे। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी के लिए एजीएम की सूचना देखें।

एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2023-2024 शेयरधारकों को लागू कानूनों के अनुसार उनके पंजीकृत ई-मेल पते पर नियत समय पर भेजी जाएगी।

मोनिन्ड लिमिटेड के लिये
हस्ता/-
रितिका आहूजा
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
तिथि: 04.09.2024

# बीएड सहायक शिक्षकों की डॉ. रमन से गुहारः बचा लो हमारी नौकरी



**रायपुर।** प्रदेश के हजारों सहायक शिक्षक अपने भविष्य को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। यह सभी बीएड सहायक शिक्षक हैं। इनकी भर्ती लगभग एक साल पहले की गई थी, लेकिन अब इन्हें नौकरी से निकाला जा रहा है। इस कारण उनके सामने आर्थिक तंगी की समस्या पैदा हो रही है। कई लोगों ने इस नौकरी में रहते हुए लोन लिया, तो कुछ की शादी भी तय हो गई। अगर नौकरी नहीं रही तो उनके भविष्य पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। अपनी इस नौकरी को बचाने के लिए ये सहायक शिक्षक लगातार शासन-प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को ये सभी सहायक शिक्षक विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के शंकर नगर स्थित शासकीय आवास पहुंचे। हालांकि रमन सिंह से उनकी मुलाकात नहीं हो सकी। फिर भी इन्हें उम्मीद है कि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान देगी और इन्हें बेरोजगार होने से बचाएगी।

# डिप्टी सीएम आज पुलिस विभाग के बिलासपुर रेंज की लेंगे समीक्षा बैठक

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बिलासपुर प्रवास के दौरान गुरुवार को पुलिस विभाग के बिलासपुर रेंज की समीक्षा बैठक लेंगे। इस बैठक में छत्तीसगढ़ गृह एवं जेल विभाग के अपर मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, गृह विभाग के सचिव, बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक और बिलासपुर रेंज के जिलों के पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहेंगे। बैठक में लंबित गंभीर अपराधों की स्थिति, ब्लाइंड मर्डर के अनसुलझे मामलों, चाकूबाजी, तलवारबाजी और फायरिंग के मामलों की समीक्षा समीक्षा की जाएगी। साथ ही लंबित मर्ग के प्रकरणों, राष्ट्रीय और राज्य मानव अधिकार आयोग के लंबित मामलों की स्थिति की भी समीक्षा की जाएगी। महिला और बाल अपराधों के लंबित प्रकरणों पर चर्चा और पीड़ितों को क्षतिपूर्ति देने, मानव तस्करी के लंबित मामलों, गुमशुदा महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के प्रकरणों, अनुसूचित जाति और जनजाति पर घटित अपराधों एवं राहत राशि के वितरण की स्थिति की समीक्षा की जाएगी।



जिला प्रशासन ने संचालकों की बैठक लेकर दी चेतावनी

# तेज आवाज में डीजे बजाया तो की जाएगी सख्त कार्रवाई

**रायपुर।** जिला प्रशासन ने गणेश उत्सव को देखते हुए डीजे संचालकों की बैठक लेकर कड़े निर्देश दिए हैं। साउंड मीटर से डीजे की जांच की जाएगी। 55 डेसिबल से अधिक साउंड में डीजे बजाने पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल एवं शहर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले व डीजे संचालक मौजूद रहे।

बैठक में डीजे संचालकों को निर्देश देते हुए कहा गया कि आवासीय क्षेत्रों में 55 डेसिबल से अधिक साउंड में डीजे बजाने पर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी। साथ ही नियम के विरुद्ध दूसरी बार डीजे सामग्री पकड़ाए जाने पर राजसात की जाएगी। गाड़ी का स्वरूप बदलकर डीजे न लगाएं। बड़ी गाड़ी में डीजे लगाने पर कार्रवाई की जाएगी। आवासीय क्षेत्रों में लोगों को डीजे की वजह से परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन की टीम डीजे के साउंड मीटर की जांच करेगी।

